हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 21 दिसंबर 2025

04 उन्नत बीज चयन, फसलों में संतुलित पोषण के...



07 लोग कमरों ही में सोते रहे, घर में घुसे अज्ञात बदमाश, उड़ा ले गए 20 लाख





## समाचार संक्षेप

### सोमवार से लगेगा पीएम आवास मेला

**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना द्वारा पत्रकार कॉलोनी के समीप जगनपुर निर्मित किया जा रहे एल आई जी एवं एमआईजी भावनों की बिक्री हेतु सोमवार से आवास मेला लगाया जाएगा। यहां नागरिकों को आवास लेने के लिए पहले आओ पहले पाओ की सुविधा तथा होम लोन की सुविधा हेतु बैंकर्स भी उपस्थित रहेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने बताया कि



सोमवार से एसडीम ऑफिस एवं तहसील ऑफिस के नजदीक बन रहे प्रधानमंत्री आवास की बिक्री हेतु आवास मेला का आयोजन किया जा रहा है, यहां एमआईजी भवनों तथा एल आई जी भावनों का विक्रय जारी है एमआईजी भवन 3 बीएचके है जिनमें तीन कमरे, किचन, हॉल, दो लेट बाथ के साथ वास एरिया, पोर्च आदि है ।तथा एल आई जी भवनों में दो कमरा, किचन, दो लेट बाथ, वास एरिया, पोर्च आदि निर्मित है। नागरिक अभी अपनी पसंद से भवन चुन सकते हैं ।आगामी दिनों में पंजीयन करने के पश्चात लॉटरी द्वारा भावनों का ड्रा निकाला जाएगा । अतः पहले आओ पहले पाओ की योजना का नागरिक लाभ उठाएं एवं सोमवार से आयोजित होने वाले आवास मेला में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपने आवास बुक करायें। एल आई जी, एमआईजी भावनों की कीमत 2018 के रेट पर ही उपलब्ध हैं। एमआईजी भवन 19,50,000 रूपये तथा एल आई जी भवन 16,25,000 रुपये में उपलब्ध है। फ्लोर वाइज ऊपर की और एम आई जी भवनों में 50,000 रुपये कम हैं तथा एल आई जी में 25000 का अंतर किया गया है।

### गुनावासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं देने पर राष्ट्रवादी संघ ने किया डॉ. अंशुल जैन का स्वागत

**गुना।** सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल भोपाल में सेवाएं दे रहे सुप्रसिद्ध स्वांस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंशुल जैन का प्रथम बार गुना आगमन



हुआ, यहां स्थानीय आशीर्वाद हॉस्पिटल में अंशुल जैन के द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया । इसमें गुना के अनेक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सीय परामर्श दिए गए, सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से आयोजित यह निःशुल्क परामर्श शिविर आगामी समय से नियमित किए जाने का प्रयास है । प्रथम बार गुना पधारकर गुना के लोगों की परेशानी दूर करने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले डॉक्टर अंशुल जैन के गुना आगमन पर राष्ट्रवादी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आशीर्वाद हॉस्पिटल पहुंचकर श्री जैन से भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया और अनुरोध किया कि भविष्य में भी गुनावासियों को आपकी सेवाएं प्राप्त होती रहें और गुना वासी लाभान्वित होते रहें इस अवसर पर राष्ट्रवादी संघ से एडवोकेट मनोज सिंह राठौड़, कप्तान राव देशमुख, संदीप गोस्वामी, संजय सोनी, आकाश जैन उपस्थित रहे ।

### मंडी कार्यालय में लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**गुना।** जिला अस्पताल गुना के सहयोग से शनिवार को मंडी कार्यालय गुना के सभाकक्ष में हम्माल एवं तुलावटी भाइयों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा लगभग 250 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर



में ब्लड प्रेशर एवं शुगर आदि कि जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। इस अवसर पर मंडी समिति गुना की भारसाधक अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी गुना श्रीमती शिवानी पांडे, मंडी सचिव श्याम मीणा एवं मंडी स्टाफ द्वारा सहयोग किया गया।

## राष्ट्रीय 14 वर्षीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता को लेकर गुना में उत्साह चरम पर, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में 26 से 31 दिसंबर तक प्रस्तावित राष्ट्रीय 14 वर्षीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां पूरे उत्साह के साथ जारी हैं। जिला प्रशासन एवं आयोजन समिति द्वारा इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को यादगार और रोमांचक बनाने के लिए हर स्तर पर सुनियोजित व्यवस्थाएं की जा रही हैं।प्रतियोगिता के उद्घाटन एवं अन्य आयोजनों को आकर्षक स्वरूप देने के लिए एक्सीलेंस स्कूल के





विद्यार्थियों द्वारा बैंड वादन की नियमित और गहन प्रैक्टिस की जा रही है। बच्चों के इस उत्साह और समर्पण से प्रतियोगिता में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिलेगा, जो खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा।वहीं दूसरी ओर मैच आयोजन और बॉक्सिंग मुकाबलों के लिए आवश्यक टेंट, रिंग, बैठक व्यवस्था, लाइटिंग एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का कार्य तेजी से प्रगति पर है। मैदान को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, ताकि देशभर से आने वाले युवा बॉक्सरों को उत्कृष्ट खेल वातावरण मिल सके।जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता के माध्यम से न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच मिले। गुना में होने वाले इस आयोजन को लेकर एक्सीलेंस स्कूल के नोडल खेल केंद्र पर आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की इसमें जिला खेल अधिकारी देवेंद्र पटेरिया ,पूर्व डीएसओ सुरेंद्रपाल सिंह परिहार, रिटायर्ड पीटीआई मुकेश सक्सेना, रिटायर्ड पीटीआई कमलसिंह राजावत एवं रिटायर्ड प्रशिक्षित शिक्षक विजय बहादुर सिंह मौजूद रहे। इनके द्वारा तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने टूर्नामेंट को पुनः शुरू कराने कलेक्टर को लिखा पत्र

# फिर शुरू होगा शास्त्री स्मृति टूर्नामेंट गुना में लौटेगी हॉकी की चमक

हरिभूमि न्यूज ⏭नीरज त्रिपाठी

अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में गुना की पहचान बन चुकी देश की बहुचर्चित 'स्व. लाल बहादुर शास्त्री स्मृति हॉकी प्रतियोगिता' को पुनः प्रारंभ करने की कवायद तेज हो गई है। क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखकर नगर पालिका को प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु निर्देशित करने को कहा है।वर्षों से बंद पड़ी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के दोबारा शुरू होने की खबर मिलते ही खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला हॉकी संघ के सचिव ब्रजेश दुबे (बॉबी) ने प्रेस को जारी बयान में केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल गुना बल्कि पूरे देश में ख्याति नाम है। इसमें देश की नामचीन टीमें और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शिरकत करते रहे हैं, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को प्रेरणा और जनता को उच्च स्तरीय खेल देखने का अवसर मिलता है।



### विश्व स्तर के खिलाड़ियों ने गुना आकर दिखाया खेल कौशल

विश्व स्तर के हॉकी निर्णायक और खिलाड़ियों ने गुना आकर अपने खेल कौशल के माध्यम से खेल प्रेमी दर्शकों को आकर्षित किया। सन् 1973-2004 की अवधि में गुना के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न हॉकी प्रतिस्पर्धा की योग्यता प्राप्त की। स्टेडियम का अभाव होते हुए भी जिला हॉकी संघ ने अन्तराष्ट्रीय मैंचों के आयोजन गुना में सफलतापूर्वक कराये जो देश के सामने एक मिसाल है।

### ये अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां हासिल की हैं

-स्व. के.एन. दुबे के कार्यकाल में जिला हॉकी संघ गुना द्वारा अनेक अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

-भारत-फ्रांस हॉकी टेस्ट मैच, 1973 (लाल परेड ग्राउण्ड, कैन्ट-गुना)

-श्रीलंका-गुना एकादश प्रदर्शन मैच, 1974 (कॉलेज ग्राउण्ड, गुना)

-सोवियत संघ - गुना अध्यक्ष एकादश प्रदर्शन मैच, 1981 (संजय स्टेडियम, गुना)

-भारत मलेशिया हॉकी टेस्ट मैच, 1986 (संजय स्टेडियम, गुना)

### पार्षदों और खेल प्रेमियों का मिला समर्थन

ब्रजेश बॉबी दुबे ने बताया कि लंबे समय से आयोजन न होने के कारण खेल प्रेमियों में निराशा थी। उन्होंने उन पार्षदों के प्रति भी आभार प्रकट किया जिन्होंने हॉकी के शताब्दी समारोह के दौरान जिला कलेक्टर के नाम लिखित समर्थन दिया था। सिंधिया की इस सकारात्मक पहल ने एक बार फिर गुना के खेल मैदानों में रौनक लौटने की उम्मीद जगा दी है। इस पहल से न केवल खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि हॉकी की खोई हुई चमक भी गुना में वापस लौटेगी।

### आरंभ वर्ष में ही गुना अंतरराष्ट्रीय हॉकी के मानचित्र पर अंकित

अपने आरंभ वर्ष में ही गुना की धरती पर भारत फ्रांस हॉकी टेस्ट मैच का सफल आयोजन कर जिला हॉकी संघ ने गुना का नाम अंतरराष्ट्रीय हॉकी के मानचित्र पर अंकित कर दिया और एक गौरवमयी विकास यात्रा की शुरुआत की जो सफलता के आयाम गढ़ते हुए आज भी जारी हैं।

### 1971 में शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट कराने लिया निर्णय

1970 में हॉकी संघ इनवीटेशन हॉकी टूर्नामेन्ट कराना चाहता था। तब के तत्कालीन नगरपालिका ने खिलाड़ियों की भावनाओं का आदर करते हुए। जनवरी 1971 में शास्त्री हॉकी टूर्नामेन्ट कराने के लिए निर्णय लिया और के. एन. दुबे ने क टूर्नामेन्ट प्रारम्भ किया जिसकी ख्याति चारों ओर फैलती गई।वर्ष 1973 में स्वर्गीय श्री लालबहादुर शास्त्री हॉकी प्रतियोगिता को अखिल भारतीय स्तर का दर्जा मिला। इसके लिए जिला हॉकी संघ ने स्थानीय स्तर के खिलाड़ियों संघ को विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाकर तैयार किया और देश की ख्याति प्राप्त टीमों को गुना की सरजमीं पर लाकर हॉकी खेल के प्रति सम्पूर्ण भारत में गुना का नाम रोशन किया।

### प्रथम महिला हॉकी प्रतियोगिता

जिला हॉकी संघ द्वारा राज्य महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन जनवरी 2025 में किया गया था । यह प्रतियोगिता जिले में होने वाली प्रथम महिला हॉकी प्रतियोगिता थी । प्रतियोगिता का आयोजन संजय गांधी हॉकी स्टेडियम में किया गया । मध्य प्रदेश राज्य सीनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में ग्वालियर विजेता रही जिसमें 18 जिलों की टीमों ने भाग लिया था और अनेक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने शामिल होकर युवा खिलाड़ियों का उत्साह वर्णन किया था।

### नेशनल में गुना का प्रतिनिधित्व करेंगे दो खिलाड़ी

गुना के दो प्रतिभावान खिलाड़ी बिलाल कुरैशी और चरणजीत का स्कूल नेशनल एम एमपी टीम के सदस्य के रूप में चयन हो गया है। युवा खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर शहर के खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों मेंदेवेन्द्र पटैरिया। (खेल अधिकारी), ब्रजेश दुबे (सचिव डीएचए) शरद शर्मा, महबूब आलम, शेखर वशिष्ट, रविंद्र रघुवंशी टिल्लू , अमित , निलेश, राकेश वैष्णव किशन सिंह, मनोज शर्मा फज्जू आदि शामिल हैं ।





### कुशवाह समाज का परिचय सम्मेलन 28 दिसम्बर को जन सम्पर्क जारी

गुना श्रीराम जानकी कुशवाह विवाह सम्मेलन समिति गुना द्वारा प्रदेश स्तरीय 12 वां युवा - युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसम्बर 2025 को कुशवाह मांगलिक भवन बूढ़े बाला जी टेकरी गुना में आयोजित किया गया है । परिचय सम्मेलन का प्रसार प्रसाद शिवपुरी, अशोकनगर, गुना जिले एवं बदरवास, बिजरोनी, खतोरा आदि क्षेत्रों में जन सम्पर्क किया गया । जन सम्पर्क करने वालों में इंजी. नरेश कुशवाह एन. एफ. एल. गुना अध्यक्ष, नंदराम कुशवाह ठेकेदार कार्यक्रम प्रभारी, रणवीर सिंह कुशवाह महामंत्री, रघुवीर सिंह बरखेड़ा, रुप सिंह कुशवाह कोषालय,लक्ष्मी नारायण कुशवाह (पगारा वाले)सीताराम कुशवाह उपाध्यक्ष,सुखलाल कुशवाह सचिव, हरिराम कुशवाह (ऊपरी वाले)सिंह कुशवाह, अजय सिंह कुशवाह पूर्व उप सचिव बारई आदि शामिल हैं।

## सोनखरा विवाद:आगजनी व खूनी संघर्ष के बाद एसपी ऑफिस पहुंचे दोनों पक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बमोरी के सोनखरा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने के दौरान भडक़ी हिंसा अब एक और विवाद में बदल गई है। शनिवार को दोनों पक्षों के सैकड़ों ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहाँ एक पक्ष ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए वहीं दूसरे पक्ष ने इस पूरे विवाद को शासकीय कार्य रोकने के लिए रचा गया षड्यंत्र बताया।ग्रामीणों ने एसपी को दिए ज्ञापन में बमोरी थाना पुलिस और सरपंच सूरज धाकड़ पर मिलीभगत के सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि सरपंच ने बाहरी लोगों को बुलाकर गांव के घरों में तोडफ़ोड़ और महिलाओं से मारपीट करवाई। इसी हमले में



70 वर्षीय शंकरलाल धाकड़ गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर, सरपंच और उनके समर्थकों ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए पुलिस को आवेदन दिया है। उनका कहना है कि अतिक्रमणकारियों ने स्कूल निर्माण के काम को रोकने के लिए जानबूझकर खुद के खलिहान में आग लगाई और प्रशासनिक टीम पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि मारपीट के समय सरपंच और अन्य लोग पुलिस के साथ थे, फिर भी उन्हें झूठा फंसाया गया है। फिलहाल, पुलिस ने सरपंच सूरज धाकड़ सहित 6 लोगों को हत्या के प्रयास (धारा 109-1 बीएनएस) के तहत गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन अन्य फरार हैं। कलेक्टर और एसपी द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है ताकि विवाद की वास्तविक वजह और दोषियों का पता लगाया जा सके।

## वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया गया थाना प्रभारी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭बजरंगगढ़

गुना पुलिस अधीक्षक गुना अंकित सोनी के कुशल मार्गदर्शन में थाना बजरंगगढ़ पुलिस द्वारा दो संवेदनशील मामलों का तुरत खुलासा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले थाना प्रभारी कृपाल सिंह परिहार एवं उनकी टीम को ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ के वरिष्ठ नागरिक एवं पुलिस मित्र दल के सदस्यों द्वारा थाने पर आकर पुष्प माला पहनकर बधाई दी और शुभकामनाएं प्रेषित की।इसी प्रकार 13 नवंबर 25 को देवेंद्र अहिरवार निवासी पहाड़ा मरघट शाला के कुआं में बॉडी मिली थी परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जाहिर की थी उक्त मामले को खु ला सा वैज्ञानिक साक्ष्य स्थितिजन साक्ष्य




एवं भौतिक साक्ष्य के आधार पर अंधे कत्ल का पर्दा फाश किया आरोपी विजय अहिरवार द्वारा ही अपने बहनोई की हत्या की गई थी,बहन को अच्छे तरीके से न रखने के कारण हत्या कर लाश को कुएं में फेक दिया था आरोपी विजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

इसी क्रम में गौरतलब है कि 7 दिसंबर 25 को बीस भुजा देवी मंदिर के हनुमान मंदिर के अंदर परिसर में एक अज्ञात पुरुष एवं महिला का अशोभनीय हरकत करने का वीडियो सामने आया था तुरंत एक्शन लेते हुए मात्र 4 घंटे के अंदर महिला एवं पुलिस को तत्काल राउंड अप कर वैधानिक कार्रवाई की गई वीइसी दोनों मामलों को जब बजरंगगढ़ ग्राम की जनता ने प्रेस मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली तो वरिष्ठ नागरिकों को बहुत खुशी हुई अपनी भावनाओं को प्रकट करने के लिए पुलिस मित्र दल के साथ थाने पर आकर थाना प्रभारी कृपाल सिंह परिहार को बहुत बहुत शुभकामनाएं दी एवं पुष्प माला पहनकर कर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं समस्त स्टाफ एवं थाना प्रभारी की स्टाफ के उज्जवल भविष्य की कमाएं की।। जिसमें राजेंद्र जादौन, विशेष पचौरी, रतिराम ग्वाल, मुन्ना ग्वाल, बुंदेल सिंह,जमील, ओमप्रकाश, रामकिशोर,मथुरा,पुरन,हर्ष, मोहित, कल्याण, गौतम एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा का राघौगढ़ विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित

# अटल जी सच्चे देशभक्त व युगदृष्टा थेः चेतन भार्गव

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रदेश की डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सेवा और विकास के दो वर्ष प्रदेश के हर नागरिक के विकास और प्रगति का नया आयाम है और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से प्रदेश के हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं ।ये बात सम्मेलन के मुख्य वक्ता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चेतन भार्गव ने रुठियाई में आयोजित राघोगढ़ विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही । अपने संवोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वे युगदृष्टा थे और महानवक्ता थे जिन्हें सुनने जनता लालायित रहती थी ।उन्होंने अंतराष्ट्रीय मंच पर भी मातृ भाषा हिंदी में भाषण देकर अपना देश का मान बढ़ाया ।वे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री रहे और देश की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई।

मुख्य वक्ता चेतन भार्गव ने कहा कि केंद्र में मोदी जी और राज्य में डॉ मोहन यादव की डबल इंजन' सरकार की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारें मिलकर गांवों को विकास का केंद्र बना रही हैं। गरीब कल्याण, किसान सम्मान, आवास, उज्ज्वला, मुफ्त राशन और



स्वास्थ्य जैसी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा रहा है। शासन की हर योजनाओं की जानकारी अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे व लाभ मिले। इसकी जिम्मेदारी हमे उठानी होगी। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि 25 दिसंबर को भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती को पूरे देश में "सुशासन दिवस" के रूप में मनाया जाता है। अटलजी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा द्वारा विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसके पश्चात 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर जिले के मंडल एवं जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता, ग्राफिक्स एवं रील प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा।जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ ने वीर बाल दिवस के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा वीर बाल दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और वीरता की भावना जाग्रत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसे चार चार साहबजादों के बलिदान को जीवंत बनाने के लिए वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया था।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री संतोष धाकड़,,युवा मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र धाकड़,सुरेश रघुवंशी,विकास जैन,गोविंद गुर्जर,अंकुर श्रीवास्तव,मोहित नामदेव,मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा ,मुनेश जैन,श्याम रघुवंशी कैलाश शिवहरे,पप्पू भील,आदि उपस्थित थे।संचालन देवेंद्र रघुवंशी ने किया आभार मनीष अग्रवाल ने जताया

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

**समाचार संक्षेप**


## उत्कृष्ट विद्यालय राघौगढ़ में हुआ निशुल्क साइकिल वितरण व वार्षिक खेल समारोह



**राघौगढ़।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ में निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। साथ ही वार्षिक खेल उत्सव का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवी लाल कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में एवं वरिष्ठ समाज सेवी राजेन्द्र वास्त्री एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी डॉ अरविंद तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश चन्द्र आर्य ने की। सायकल वितरण प्रभारी आकाश शॉ द्वारा साइकिल वितरण की व्यवस्था की गई। खेल महोत्सव में ललित वास्त्री, तृप्ति वर्मा, शाविर अलि, हरिओम रागी, बबलू सैनी, देवेन्द्र सेन एवं शरद जोशी व समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।संचालन डॉ विपिन विहारी शर्मा ने किया।

## रुठियाई में रोड ओवर ब्रिज निर्माण में विलंब से असंतोष, विजय कुमार जैन ने से उल्लेख किया

**राघौगढ़ ।** सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने जारी बयान में रुठियाई रेल स्टेशन के समीप रेल्वे फाटक क्रमांक 71 पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण में विलंब से आम जनता को परेशानी हो रही है। राज्य शासन द्वारा हेतु शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है।विजय कुमार जैन ने उल्लेख किया है गत दिनांक अक्टूबर 25 को माननीय सांसदों की भोपाल में आयोजित बैठक में दिग्विजय सिंह सांसद राज्यसभा की ओर से प्रस्ताव दिया गया था कि रुठियाई में रेल फाटक क्रमांक 71 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। इस प्रस्ताव पर रेल विभाग द्वारा उत्तर दिया गया था कि राज्य शासन अपने हिस्से का निर्माण कराएगी इसकी सहमति आने पर ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। विजय कुमार जैन के पत्र के उत्तर में कार्यपालन मंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग गुना द्वारा अवगत कराया है यह निर्माण कार्य प्रबंधक मध्य प्रदेश सरकार विकास निगम संभाग ग्वालियर द्वारा कराया जाना है राज्य शासन के अनुपूरक बजट वर्ष 2025-26 में भी सम्मिलित किया गया है। कार्यपालन यंत्री द्वारा प्रबंधक मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम संभाग ग्वालियर को गत दिनांक 10 दिसंबर 2025 को पत्र भेजा गया है। इसकी प्रतिलिपि विजय कुमार जैन को भी मिली है। आपने कहा है मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम एवं राज्य शासन की लेट लतीफी से उक्त रोड ओवर ब्रिज निर्माण लंबित है। विजय कुमार जैन ने यह भी उल्लेख किया है यह रेल फाटक क्रमांक 71 अनेक बार बंद होता है। फाटक बंद होने से जीप कारों एवं भारी वाहनों की लंबी-लंबी कटारे लग जाती हैं। यह मार्ग मध्य प्रदेश के रुठियाई से धरनावदा होकर राजस्थान के छबड़ा बारां होकर कोटा जाने वाला व्यस्ततम मार्ग है। आपने गुना के जिलाधीश किशोर कुमार कान्याल से अनुरोध किया है कि मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम को निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के आदेश देने का कष्ट करें।



### कार्ड संस्था द्वारा कोटरा में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# उन्नत बीज चयन, फसलों में संतुलित पोषण के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा




चाचौड़ा ग्राम पंचायत कोटरा स्थित श्री राम जानकी मंदिर, हनुमान गढ़ी में 19 दिसंबर 2025 को फसल पोषण एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की वंदना से किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुकेश कृषि विशेषज्ञ द्वारा कृषकों को उन्नत बीज चयन, फसलों में संतुलित पोषण एवं प्रबंधन, फसल रोग-कीट नियंत्रण पर जानकारी दी .प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्था के माध्यम से जिन कृषकों को प्रमाणित/प्रजनक बीज उपलब्ध कराए गए हैं, उनमें से कुल 139 कृषकों ने सहभागिता की।विभागीय अधिकारियो ने शासन कि योजनाओ कि जानकारी दी उद्यानिकी फसलों का पोषण, फसल बीमा योजना तथा सॉइल हेल्थ कार्ड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकासखंड अधिकारी, वरिष्ठ उद्यान विकासखंड अधिकारी (चाचौरा), एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि, ग्राम सेवक, पटवारी सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। श्री राजेंद्र पयासी द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ABF परियोजना अंतर्गत स्थापित जैव संसाधन केंद्र में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, सोया टॉनिक जैसे जैविक उत्पादों के उपयोग एवं लाभों पर भी किसानों से विस्तार से चर्चा की गई। जैविक खेती से जुड़ी कृषकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम मे फील्ड कोऑर्डिनेटर, महेश सेंगर भी उपस्थित रहे .कार्यक्रम का समापन परियोजना प्रबंधक हेमंत श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## नवनिर्मित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने विधायक जयवर्धन सिंह से की सौजन्य मुलाकात, जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नवनिर्मित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने राघोगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक जयवर्धन सिंह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की।

इस अवसर पर आरोन कांग्रेस शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान पार्वती अहिरवार ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर विधायक जयवर्धन सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा दिए गए विश्वास पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेंगी। विधायक सिंह ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता और जनसेवा से ही संभव है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी समय में पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, शहरी एवं ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित रहे और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

## आंगनबाड़ी पर एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़ रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में आंगनबाड़ी केंद्र पर एड्स जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ, ज्योति सिंह द्वारा किया गया, जिसमें संस्थान के स्वयंसेवकों ने बढ-चढकर सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर महिलाओं और किशोरियों को एचआईवी/एड्स से संबिंधत सही जानकारी देना था, जो आज के समय में बहुत ज़रूरी है, डॉ. ज्योति सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि एचआईवी/एड्स क्या है, यह कैसे फैलता है एड्स से कैसे बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि एड्स छुआछूत से नहीं फैलता, इसलिए इससे ग्रसित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने सुरक्षित व्यवहार स्वच्छता , संतुलित जीवनशैली और समय पर जांच के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ.फौजिया बानो, डॉ.पूजा भाटी, पूजा मिश्रा ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।




# भागवत कथा में रुक्मणि-कृष्ण विवाह प्रसंग का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर के गोस्वामी उत्सव वाटिका, टॉकीज गली स्थित सरस्वती कॉलोनी में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस कथा में भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी रुक्मणी के पावन विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा व्यास पंडित रामसेवक शास्त्री ने इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए रुक्मणी जी के चरित्र, उनके आदर्श गुणों एवं भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी अनन्य भक्ति का भावपूर्ण उल्लेख किया।

इसके पश्चात रुक्मणि–कृष्ण के मंगल विवाह प्रसंग को संगीतमय कथा के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।विवाह प्रसंग के दौरान आकर्षक झांकियां सजाई गईं, । पूरा पंडाल जयकारों और भक्ति संगीत से गूंज उठा तथा वातावरण भक्तिमय हो गया।कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। आयोजन समिति मां पीतांबरा सेवा समिति ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।



## ईसागढ़ महाविद्यालय में 'कॉलेज चलो अभियान' का प्रथम चरण प्रारंभ

**ईसागढ़।** ईसागढ महाविद्याल में कॉलेज चलो अभियान की जानकारी दी गई जिसमें नोडल अधिकारी डॉ जवाहर टैगोर ने भारत माता स्कूल ईसागढ़ में जाकर कहा कि विद्यार्थियों को ई-प्रवेश की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रवेश फॉर्म भरते समय आवश्यक विवरण जैसे दृ कैंडिडेट का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, ई-मेल आईडी और व्हाट्सएप नंबर आदि के साथ-साथ मूल दस्तावेज़ जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक, 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची की अनिवार्यता के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को शासन द्वारा संचालित प्रमुखयोजनाओं की जानकारी दी गई। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक स्तर पर चार वर्षीय डिग्री कार्यक्रम के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इस अभियान का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य अमित भार्गव के मार्गदर्शन में किया गया। अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जवाहर लाल रहे। अभियान को सफल बनाने में डॉ. जे.पी. सिंह, डॉ. दीपा वर्मा, सहित अभियान सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा यह विश्वास व्यक्त किया गया कि 'कॉलेज चलो अभियान' के माध्यम से अधिक से अधिक विद्यार्थी उच्च शिक्षा से जुड़ेंगे और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होंगे।







### ग्राम सडूमरा की नदी पर बोरी बंधान बनाया

अशोकनगर। शनिवार को विकासखंड अशोकनगर के अंतर्गत शाढ़ौरा सेक्टर क्रमांक 5 की चयनित नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सडूमरा एवं परामर्शदाता गणेशराम अहिरवार के सहयोग से ग्राम सडूमरा की नदी पर जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान का कार्य किया गया।

जिसमें नवांकुर संस्था से सचिव विवेक रघुवंशी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सडूमरा के अध्यक्ष राजीव रघुवंशी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करख्या के अध्यक्ष दिनेश रघुवंशी एवं छात्र जितेंद्र रघुवंशी एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए जिसमें सबने मिलकर सडूमरा में नदी में बोरी बंधान जलसंचय का कार्य किया।

## नारायणपुर हायर सेकंडरी विद्यालय में कॉलेज चलो अभियान चलाया गया

**अशोकनगर।** महाविद्यालय द्वारा कॉलेज चलों अभियान चलाया जा रहा है जिसे लेकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम नारायणपुर के हायर सेकेण्ड्री स्कूल में छात्र छात्राओं को प्रेरित किया गया।

कॉलेज चलो अभियान की सदस्य डॉ योग्यता भार्गव सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने वक्तव्य की शुरुआत करते हुये विद्यार्थियों को कॅरियर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 14 (1) के प्रावधानों को विद्यार्थियों के मध्य प्रस्तुत किया, उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश के बाद आपकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों के कॅरियर मार्गदर्शन हेतु महाविद्यालय में संचालित स्वामी विवेकानंद कॅरियार मार्गदर्शन योजना की जानकारी भी प्रदान की। कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत शासकीय नेहरू स्नातकोतार महाविद्यालय अशोकनगर के राष्ट्रीय शिक्षा नीति नोडल डॉ. नवीन पटवा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु मार्गदर्शित करते हुये कहा। उन्होने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को ऑन लाईन प्रवेश प्रक्रिया की बारीकियों से परिचित कराया, साथ ही प्रवेश के दौरान रखने वाली सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कुल लगभग 55 विद्यार्थी उपस्थित हुये, कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य भोलाराम शर्मा का विशेष सराहनीय सहयोग रहा।



## पिपरई महाविद्यालय में क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना के कुलगुरु ने निरीक्षण किया




**पिपरई।** शासकीय महाविद्यालय पिपरई के प्राचार्य राजमणि यादव ने बताया कि महाविद्यालय में क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना के कुलगुरु डॉक्टर किशन यादव के द्वारा महाविद्यालय पिपरई का आकर्षित निरीक्षण किया गया। जिसमें उनके द्वारा सभी कक्षाओं का निरीक्षण कर छात्राओं से अध्ययन और भविष्य में योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की और छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए उत्साह वर्धन कर प्रेरित किया

डॉक्टर यादव के द्वारा महाविद्यालय के प्रयोगशालाओं का निरीक्षण एवं उपकरणों के संबंध में जानकारी छात्राओं एवं छात्र शैली और पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों के बारे में ग्रंथपाल से चर्चा की एवं समस्त महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कर अवलोकन किया और महाविद्यालय की स्वच्छता एवं व्यवस्थित परिसर कि उन्होंने प्रशंसा की। प्राचार्य कक्ष में समस्त स्टाफ से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त कर महाविद्यालय में क्षेत्र गतिविधियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। 2 साल से वेतन रुकी इस संबंध में कुल गुरु जी ने आश्वासन दिया कहा कि हम जल्द से जल्द आप लोगों की समस्या का समाधान करवाएंगे। अति शीघ्र कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उनके साथ संस्था के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ और आउटसोर्स कर्मचारी एवं समस्त पत्रकार मौजूद रहे।

### खेत में काम करते करंट लगने से किसान की हुई मौत

अशोकनगर। साढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम राजीव बामोरा निवासी सतीश पुत्र नंदलाल उम्र 25 वर्ष अपने खेत में पानी देने के लिए गया था। जब वह खेत में काम कर रहा था तभी अचानक करंट की चपेट में आया गया। वहां से उस युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाते समय युवक की मौत हो गइ। मृतक की सूचना मिलने पर अस्पताल चैकी द्वारा सब परीक्षण कराया गया।

## रोगियों को बीमारियों की दवाई पिलाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरई

पिपरई नगर के पास रतवास मैं चिंता हरण श्री बालाजी धाम मंदिर पर सभी बीमारियों की दवाई पिलाई जाती है। रतवास गांव में श्री चिंता हरण श्री बालाजी धाम मंदिर के पुजारी सुरेश कुमार तिवारी ने बताया कि यहां पर हर बीमारी की दवा पिलाई जाती है जैसे बीपी शुगर कोलेस्ट्रॉल लकवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए दवा पिलाई जा रही है जिसमें हर शनिवार एवं मंगलवार को धाम पर पिलाई जाती है यहां पर बहुत दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में आती है और उनको उनकी समस्या से निजात मिलता है यह सभी जान यहां पर जाकर बताते हैं कि हमें आराम है।



### कुएं में गिरने से 4 वर्षीय बालक की मौत

अशोकनगर। पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम छैवला निवासी दिव्यांश पुत्र धर्मेंद्र अहिरवार उम्र 4 वर्ष कि उसे समय मौत हो गई जब वह अपने खेत पर बने घर के समीप बन कुएं में गिर गया। इसी दौरान उसे निकाल कर जब बाहर लाया गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

## सत्वगुण, रजोगुण और तमोगुण अविनाशी जीवात्मा को बांधते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रैपरी द्वारा बालाजी मन्दिर परिसर में पौष कृष्णपक्ष अमावस्या शुक्रवार को श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 14 गुणत्रयविभागयोग का स्वाध्याय किया गया।

सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत यादव ने भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन की तस्वीर पर पुष्प माला पहनाकर कर और घी का दीपक जलाकर पूजन करवाया। गीताव्रती रामबली यादव ने व्याख्या करते हुए बताया अध्याय 14 श्लोक 18 में भगवान श्रीकृष्ण गुणों के अनुसार मनुष्यों के मरने के बाद की स्थिति बता रहे हैं भगवान कहते हैं सत्त्वगुणमें स्थित पुरुष स्वर्गादि उच्च लोकों को जाते हैं, रजोगुण में स्थित राजस पुरुष मध्य में अर्थात मनुष्य लोक में ही रहते हैं और तमोगुण के कार्यरूप निद्रा, प्रमाद और आलस्यादिमें स्थित तामस पुरुष अधोगति को अर्थात कीट, पशु आदि नीच योनियोंको तथा नरकोंको प्राप्त होते हैं। श्लोक 24 में बताते हैं जो व्यक्ति सुख-दुःख को समान समझने वाला और मिट्टी, पत्थर और स्वर्ण में समान भाववाला, ज्ञानी, प्रिय और अप्रिय को एक सा माननेवाला और अपनी निन्दा - स्तुति में भी समान भाववाला है वही परमात्मा को प्राप्त होता है।



# जैन धर्म की ध्वजा धर्म देवता का रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭मुंगावली





शनिवार को घट यात्रा के साथ सिद्ध चक्र महा मंडल विधान का आयोजन किया गया जिसमें घट यात्रा पुराना बाजार से शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची।

जहां प्रथम दिवस नगर में विराजमान वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भय सागर महाराज ने 8 दिन तक चलने वाले सिद्ध चक्र महामंडल विधान के प्रथम दिवस ध्वजारोहण की महिमा बतलाते हुए कहा कि जैन धर्म की ध्वजा धर्म देवता का रूप होती है। ध्वज का कभी अनादर नहीं होना चाहिए। ध्वजा गतिशीलता, चेतन शक्ति, सुख- शांति-प्रेरणा, सफलता, क्रांति, कल्याण, विजय, यश-कीर्ति, उल्लास और संकल्प और समृद्धि की प्रतीक है। डंडा सम्यक ज्ञान का, दंड लगाने का आधार सम्यक दर्शन का और फहराती हुई ध्वजा सम्यक चारित्र की प्रतीक होने से मोक्ष मार्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं।

दो हाथ ऊंची लगाने पर सुपुत्र मध्य प्रतिष्ठा और निरगता प्राप्त होती है तीन हाथ ऊंची ध्वाजा लगाने से निरोगिता कुलपुत्र संपत्ति यश और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है चार हाथ ऊंची ध्वज लगाने से पूर्वोत्तर पुण्य की प्राप्ति तो होती है साथ में समृद्धि शाली राजा की प्राप्ति होती है पांच हाथ ऊंची ध्वजा लगाने से पूर्व में कहीं गए।

पंचरंगी ध्वज में सफेद रंग अरिहंत परमेष्ठी का प्रतीक है और सुचित्रा पवित्रता संतोष और त्याग का प्रतीक है। लाल रंग सिद्ध परमेष्ठी का प्रतीक है जो मिलन सारिता संवेदनशीलता और समान का प्रतीक है। पीला रंग प्रेम वात्सल्य हर्ष ओर आचार्य परमेष्ठि का प्रतीक है। नीला रंग उपाध्याय परमेष्ठी, विशालता,असीम क्षमता, और स्वतंत्रता का प्रतीक है। काल रंग कट्टरवादी था का प्रतीक है और साधु परमेष्ठी का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओम राठौर निवासी तुलसी कॉलोनी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरेन्द्र राठौर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नादनखेडी निवासी सुषमा बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उससे आनंद यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### चक्का जाम करने पर मामला दर्ज हुआ

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत हरनारायण बाल्मीक निवासी दिल्ली दरवाजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रूपेश बाल्मीक गोलू बाल्मीक, सालिगराम बाल्मीक, नारायण बाल्मीक, शिब्बू बाल्मीक, भटटी बाल्मकी अज्ञात 8 से 10 लोगों ने दिल्ली दरवाजा चंदेरी रोड पर चक्काजाम कर रास्ता रोककर बांधा पहुंचाई। जिस पर मामला दर्ज किया गया है।

### बस ने बाइक को टक्कर मारी, प्रकरण किया दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत 14 दिसंबर को ईसागढ चंदेरी मार्ग पर बस क्रमांक एमपी 67 जेडसी 0962 के चालक ने बाईक को पीछे से टक्कर मार दी थी जिसकी रिपोर्ट बबीता बाई जाटव द्वारा दर्ज कराई गई।

### कौशल एवं तकनीकी विकास योजना के तहत आवेदन चाहे गए

**अशोकनगर।** हाथकरघा क्षेत्र में कार्यरत हाथकरघा बुनकर सहकारी समितियां (मप्र सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत), स्वसहायता समूहों, उद्यमियों, व्यक्तिगत बुनकरों को सार्वजनिक रूप से सूचना दी गई है कि कौशल एवं तकनीकी विकास योजना 2025-26 के अंतर्गत फ्रेमलूम कम्पलीट सहायक उपकरण सहित की 90%राशि राज्य शासन एवं 10 प्रतिशत आवेदक व संस्था द्वारा जमा करने पर ही स्वीकृत की जाएगी।

### छैवलाई में बीती रात चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

# लोग कमरों ही में सोते रहे, घर में घुसे अज्ञात बदमाश, उड़ा ले गए 20 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम छैवलाई में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात बदमाश घर से से 20 लाख रूपए के जेवर और नगदी चोरी कर ले गए। घर के लोग अपने कमरो में सोते रहे और उन्हें घटना का पता भी नही चला। घटना की जानकारी सुबह तब मिली जब वह सोकर उठे तब देखा कि कमरों का सामान फैला हुआ है और अज्ञात बदमाश चोरी की घटना को अंजाम देकर जा चुके थे।

घटना के बारे में बल्लू और बबलू रघुवंशी ने बताया कि उसके माता पिता गांव पर रहेते हैं और वह अशोकनगर आता जाता रहता है। उनके माता पिता को रामेश्वरम की यात्रा पर जाना था। इस कारण वह अशोकनगर से अपने घर छैवलाई चला गया था। एक कमरे में उसके माता पिता सो रहे थे और दूसरे कमरे में उनका परिवार सो रहा था।



घटना रात के 2 से 3 बजे की बीच की है। इस दौरान परिवार के लोगों को भनक तक नहीं मिली। फरियादी बल्लू उर्फ बबलू रघुवंशी भगवत उर्फ हनुमंत रघुवंशी उम्र 43 साल निवासी ग्राम छैवलाई ने बताया गया है जब वह सुबह 6 बजे सोकर उठे तब बगल मड़ा वाले कमरे का ताला टूटा हुआ पडा था। अंदर वाले कमरे में जाकर देखा उसमें तीन बक्से रखे थे। तीनों बक्सों के ताले कटे हुये थे। फिर बक्सों के अंदर देखा तो उनमें रखी सोने की चैन एक बजनी 02 तोला, एक सोने की कठी 01 तोला वजनी सोने की झुमकी बजनी एक तोला, अंगूठी-06 नग, तथा चाटी की चार जोडी पायान, बादी की बिछूडी 10-15 चांदी के सिक्के कुल बजनी चांदी 01.5 किलो होगी कुल मशरुका व नगदी दो लाख पचास हजार रूपये कोई अजात चोर रात करीबन 2 बजे से 3 बजे के बीच घर के अंदर ताले काट कर चुरा कर ले गया। इस घटना की जानकारी सुबह बल्लू रघुवंशी द्वारा पिपरई थाने की पुलिस को दी गई। बल्लू रघुवंशी के आवेदन पर से पुलिस ने लगभग 20 लाख रूपए की चोरी का मामला दर्ज किया है।

इसी दौरान पिपरई थाना प्रभारी प्रशांत यादव से चर्चा की गई जिसमें उन्होने बताया कि ग्राम छैवलाई में चोरी की घटना हुई है वहां से ढाई लाख नगदी रूपए 5 तौला सोना एवं डेढ किलों चांदी चोरी होना बताया गया है। घटना की जानकारी के बाद एसडीओपी भी मौके पर पहुंचे, पिपरई थाने की पुलिस और साइबर, फिंगर प्रिन्टर्स के साथ डॉग को भी बुलाया गया था। चोरी की घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही अज्ञात चोरों का पता लगाया जाएगा।

शीतकाल के मौसम में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ग्रामीण अंचलों में शाम के 6 बजे के बाद अंधेरा छा जाता है। और लोग अपने घरों में जल्द ही सो जाते हैं। ठण्ड के मौसम में नींद भी अधिक आती है और रजाई का उपयोग करने के कारण आवाज भी कानों तक नहीं आ पाती है। जिसका फायदा उठाते हैं। इस घटना के बाद पुलिस के आला अधिकारी और पिपरई थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मुआयना किया।

# कोलुआ में आजाद के परिवार का भवन बुल्डोजर से गिराया



**अशोकनगर।** शनिवार को प्रशासन की ओर से लोक निर्माण विभाग ने कोलुआ में आजाद खान के परिवार जनों के भवन को बुल्डोजर से गिराने की कार्रवाई की गई है। अशोकनगर ग्राम कोलुआ स्थित भूमि सर्वे कमांक 262, 221, 216, 222 कुल रकबा 0.4930 हे. भूमि पर शहनाज बानो पत्नि अलीमखांन निवासी वार्ड नंबर 10 संजय स्टेडियम के पीछे अशोकनगर द्वारा ग्राम पंचायत से अनुमति लिये बिना एवं लोक निर्माण विभाग के निधारित मानकों के अनुसार तथा उक्त भूमि का व्यपवर्तमन कराये बिना ही फॉर्म हाउस का निर्माण किया गया जिसे लेकर यह कार्यवाही की गई है।

संबंध में न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग, उप संभाग अशोकनगर के द्वारा दिनांक 01.12.2025, 15.12.2025, 18.12.2025 से विधिवत सूचना पत्र जारी कर अतिक्रमण हटाने हेतु पर्याप्त समय दिया गया। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोकनगर द्वारा दिनांक 16.12. 2025 को भूमि व्यवर्तन में नोटिस जारी कर दिनांक 19.12.2025 तक जबाव चाहा गया। उक्त नोटिस के संबंध में अतिक्रमणकर्ता द्वारा स्वीकार किया गया कि मेरे द्वारा उक्त भूमि का आवासीय व्यवर्तन नहीं कराया गया एवं म०प्र० ग्राम पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत अतिक्रमणकर्ता द्वारा भवन निर्माण करने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा कोई अनुमति नहीं ली गई। ग्राम पंचायत कोलुआ द्वारा बिना अनुमति के किये गये अवैध निर्माण के संबंध में सूचना पत्र जारी किये गये एवं अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को हटाने हेतु पर्याप्त समय दिया गया। किन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अतिक्रमण न हटाने के कारण दिनांक 20.12.2025 को लोक निर्माण विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के सयुंक्त दल द्वारा अवैध निर्माण/अतिक्रमण को मौके पर से हटाया गया।

## कांग्रेस ने महिलाओं के साथ अभ्रद भाषा के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**अशोकनगर।** शनिवार को कॉग्रेस द्वारा कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर धरना दिया गया और ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा प्रदेश की महिलाओं को खुली धमकी दी गई है कि जो बहिनें मुख्यमंत्री का सम्मान नहीं करेंगी उनकी जांच कराएंगे। उन्होंने बैठक में कहा कि जो महिला लाडली बहना योजना की लाभार्थी मुख्यमंत्री मोहन यादव का सम्मान नहीं करेंगी उनकी मासिक सहायता राशि नहीं बढ़ाई जायेगी तथा उनकी पात्रता की जांच पेंडिंग कर दी जायेगी। इस प्रकार की टिप्पणी करना न केवल महिलाओं का अपमान है



बल्कि ये लोकतंत्र के सिद्धांतों के विपरीत है। इस हेतु जिला कांग्रेस कमेटी विजय शाह के त्याग पत्र की मांग करती है तथा ऐसे जिम्मेदाराना पद पर बैठकर महिलाओं का अपमान करने वाले व्यक्ति को त्वरित कार्यवाही करते हुए वर्तमान प्रशासन को इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। कल दिनांक 19.12.2025 को अशोकनगर सिविल सर्जन एवं नर्स के बीच हुए छुट्टी को लेकर हुए विवाद जिसमें सिविल सर्जन पर नर्स के साथ अभ्रदता के संबंध में बोले गये कथित गलत शब्दों का उपयोग किया गया। इस मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही करते हुए दोषी पाये जाने पर उचित व त्वरित कार्यवाही करें।

### भारतीय धोबी संघ ने मनाई संत गाडगे जयंती

## बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाज को रोकना होगाः मनीष अनुरागी







हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोक नगर

बाल विवाह , दहेज प्रताड़ना जैसी कुप्रथा को समाज द्वारा रोकना होंगा। समाज के बरिष्ठजनो को आगे आकर कु प्रथा को समाप्त करे । उक्त यादगार भारतीय धोबी संघ एवम महिला बाल विकास द्वारा आयोजित संत गाडगे जी की पुण्य तिथि के अवसर पर बोल रहे थे।

शनिवार को भारतीय धोबी संघ एवम महिला बाल विकास विभाग द्वारा संत गाडगे की पुण्य तिथि के अवसर पर त्रिदेव मन्दिर तिराहे के पास संयुक्त आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मनीष अनुरागी न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विशिष्ट अतिथि बृज किशोर शर्मा अध्यक्ष बाल न्याय पीठ विशेष अतिथि चन्द्र सेना भिड़े जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विशेष अतिथि कुमार संभव समाज सेवी सदस्य एस जे पी यू जिला अध्यक्ष शोभाराम रजक की उपस्थिति में संत गाडगे जी की प्रतिमा पर पुष्प माला पहना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन अरविंद रजक ने किया । कार्यक्रम के शुभारंभ में ब्रज किशोर शर्मा ने कहा कि दहेज लेना एक अभिशाप है कम उम्र में बाल विवाह करना कानूनन अपराध है। चंद्र सेना भिड़े नें कहा कि महिलाओं को अपनी बेटियों को शिक्षा से जोड़े अशिक्षा ही कुरूतियो को जन्म देती है।

## हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को देहात पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अशोकनगर।** पिछले दिनों 15 दिसंबर को थाना कोतवाली अंतर्गत फरियादी अनिल अग्रवाल पुत्र कैलाश अग्रवाल, निवासी पुरानी थाने के पीछे, थाना कोतवाली अशोकनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देश पर से 16 दिसबंर को प्रकरण के मुख्य आरोपी प्रदीप सिंह सिख सहित हरप्रीत सिख एवं कमल सिंह सिख को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि प्रकरण का आरोपी जितेन्द्र पाल इंदौर, उज्जैन तरफ भाग गया है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल टीम गठित कर टीम को इंदौर, उज्जैन की ओर रवाना किया उक्त टीम द्वारा प्रकरण के आरोपी जितेन्द्र पुत्र माधौ पाल आयु 32 साल निवासी ग्राम आंबरी थाना देहात हाल वार्ड नं 50/11 नंदा नगर इंदौर को तकनीकी साक्ष्य की मदद से उज्जैन से गिरफ्तार किया गया एवं मुखविर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य की मदद से आरोपी बिजेन्दर उर्फ बल्लू पुत्र चानन सिंह सिख आयु 50 साल निवासी खिरिया महू थाना देहात को पुराना बस स्टेण्ड अशोकनगर से गिरफ्तार किया है।

# दो वर्ष में कागजों से आगे नहीं बढ़ा कचरा मैदान और न वाहन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे में करीब एक हजार आवास और पांच सौ से अधिक दुकानें हैं। जिनसे प्रतिदिन पांच से दस क्विंटल कचरा निकल रहा है। ग्राम पंचायत के सात सफाईकर्मी इस कचरे को साफ कर हाथ से धकेलने वाली छोटी छोटी ट्रॉली में भर लेते हैं और अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी ढेर लगा देते हैं। इस अव्यवस्था के कारण कस्बे में पांच से सात कचरा प्वाइंट बन गए हैं। इस अव्यवस्था के दो कारण हैं, पहला कारण कोई स्थाई कचरा मैदान का न होना और दूसरा कारण कचरा एकत्रित करने वाले वाहन का न होना।

दरअसल, कस्बे की बसाहट राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे करीब दो किलोमीटर लंबाई में है। अंदरूनी बस्ती भी बड़ी परिधि में फैली हुई है। इस ग्राम पंचायत को बीस वार्डो में बांटा गया है, इन वार्डो की सफाई सात सफाईकर्मियों के जिम्मे है। जिनके क्षेत्र बंटे हुए हैं, सभी के पास सफाई के लिए झाडू और कचरा भरने के लिए हाथ से धकेलने वाली ट्रॉली हैं। जिसे ज्यादा दूर तक धकेला नहीं जा सकता।

### दो बार की जनपद निधि से आने हैं दो कचरा वाहन, जिला पंचायत में प्रशासकीय स्वीकृति अटकी



जनपद सदस्य आदित्य त्रिवेदी बताते हैं कि वर्ष 2024 और वर्ष 2025 में पांच पांच लाख रूपये की जनपद पंचायत निधि से दो कचरा वाहन खरीदने के लिए उन्होंने प्रस्ताव दिए थे। जनपद पंचायत मुंगावली द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत कर जिला स्तर पर भेज दिए। जहां पर उन्हें अब तक प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिल सकी है। जबकि इसी निधि के तहत स्वीकृत हुए जनपद पंचायत के अन्य कार्य प्रगति पर हैं। यदि कचरा वाहन ग्राम पंचायत में आ जाएं तो कचरे को एक जगह तक पहुंचाने के प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

### थाना परिसर में ही दो महीने से डंप हो रहा कचरा

राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पर ही दो हेक्टेयर भूमि में पुलिस थाना परिसर है। इस परिसर के एक कोने में बीते दो महीने से कचरा डंप हो रहा है। थाना प्रभारी अरविंद कछुवाह का कहना था कि डेढ़ महीने पहले मौखिक रूप से पंचायत को बोल दिया था। अब नोटिस देंगे। इस के अलावा मस्जिद के पास, बीजासन माता मंदिर के नीचे, खोपरा तिराहा, कैथन नदी के पुल और मोला नदी के पुल के पास भी कचरा प्वाइंट बन गए हैं। बीते दिनों जब कलेक्टर आदित्य सिंह कस्बे में भ्रमण पर आए थे तो नागरिक मोहित अरोरा की शिकायत पर मुक्तिधाम में फेंका जाने वाला कचरा ग्राम पंचायत ने तीन दिन तक जेसीबी चलाकर साफ कराया था।

जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 के सदस्य आदित्य त्रिवेदी ने नवम्बर 2023 में तत्कालीन कलेक्टर आर बी माहेश्वरी को पत्र लिखकर कस्बे में कचरा मैदान, दशहरा मैदान, हाट बाजार और खेल मैदान के लिए भूमि आवंटन की मांग रखी थी। जिसके बाद चली फाइल में ग्राम पंचायत ने अपना प्रस्ताव दिया और तत्कालीन सदर पटवारी राजेश श्रीवास्तव ने रिपोर्ट तैयार की। इस प्रस्ताव और रिपोर्ट में शासकीय खसरा नंबर 196/2 की रकबा 0.394 हेक्टेयर भूमि कचरा मैदान के लिए प्रस्तावित की गई थी। यह फाइल कहां है, किस स्तर पर अटकी है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक कृष्णपाल सिंह यादव का कहना था कि प्रस्ताव बना कर तहसीलदार बहादुरपुर की ओर प्रस्तुत कर दिया गया था। आगे की कार्रवाई उन्हें ही करनी है।

### इनका कहना है

भूमि आवंटन संबंधी फाइल किस स्तर पर है, इसकी जानकारी सोमवार को दे दी जाएगी और उसमें यदि कहीं कोई अन्य दस्तावेजी आवश्यकता होगी तो ग्राम पंचायत को पत्र लिखा जाएगा।

**कैलाश मालवीय,** तहसीलदार बहादुरपुर

हम सोमवार को स्वच्छता अभियान के ब्लॉक समन्वयक को बहादुरपुर भेजेंगे। वहां की सफाई व्यवस्थाओं के लिए ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दे रहे हैं। कचरा वाहन की प्रशासकीय स्वीकृति क्यों लंबित है, इसकी जानकारी भी सोमवार तक आ जाएगी। हम वहां एक सेग्रीगेशन शेड भी बनवाएंगे।

**आलोक इटोरिया,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली

## जिला चिकित्सालय में नर्स संबंधी विवाद की जांच करेगी आंतरिक परिवाद समिति, सौंपेगी रिपोर्ट

**अशोकनगर।** दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार शीर्षक चिकनपॉक्स होने के कारण नर्स ने मांगी छुट्टी, सिविल सर्जन ने कहा एप्रन उतारकर दिखाओनर्से पहुँची कलेक्ट्रेट, रूपये मांगने के आरोप एवं कलेक्ट्रेट पहुँच गया विवादष प्रकाशन दिनांक 20 दिसम्बर 2025 को किया गया है। उपरोक्तानुसार समाचार पत्रों में प्रकाशित खवरों के संबंध में जॉच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) 2013 के अंतर्गत आन्तरिक परिवाद समिति द्वारा प्रकरण की जाँच किए जाने हेतु आदेशित किया गया है। गठित समिति के सदस्य डॉ. रजनी छारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर अध्यक्ष, कपिलदेव पारासर जिला कार्यक्रम प्रबंधक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर सदस्य, नाजिमा सैयद सिस्टर ट्यूटर ए.एन.एम.प्रशिक्षण केन्द्र अशोकनगर सदस्य, लीना नायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोकनगर सदस्य, अनीता गुर्जवार सहायक ग्रेड-3 कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर सदस्य हैं। यह समिति प्रकरण की जाँच कर प्रतिवेदन तीन दिवस में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोकनगर राजेश कुमार जैन के समक्ष प्रस्तुत करेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

## गुरु तेग़बहादुर शहीदी कथा में इतिहास पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शनिवार को टकनेरी में अंतर सिंह और दया सिंह के घर पर हुए समागम में सचखंडवासी संत बाबा गुरदीप सिंघजी से वरोसाये हुए संत बाबा सतनाम सिंघजी ने संगत में प्रवचन करते हुए बाबाजी ने बताया कि औरंगज़ेब के जुल्मों के बीच कश्मीर में 500 विद्वान पंडित पूरे हिंदुस्तान से इकट्ठे हुए।

पंडित कृपाराम को अपना मुखिया बनाया था शिवजी जी ने कृपारामजी को दर्शन देकर कहा कि श्री आनन्दपुर साहिब में नौवे श्री गुरु नानक, श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के बिना और कोई भी नहीं इस संसार में जो आपकी मदद कर सके ,उनके पास जाओ। सभी विद्वान पंडित श्री आनन्दपुर साहिब पहुँचे और गुरु चरणों में अपनी व्यथा सुनाकर मदद की गुहार की। उस वक्त बाला प्रीतम गोबिंद राय जी की शारीरिक उम्र नौ वर्ष की थी। श्री गोबिंद राय ने कहा कि इस वक्त आपसे बड़ा महापुरुष



सारे संसार में कोई नहीं सो आप बलिदान दे दीजिए श्री गुरु तेग़ बहादुर जी ने गुरु गद्दी श्री गोबिंद राय जी को सौंप कर आप जी अपने कुछ सिखों समेत दिल्ली पहुंचे।

जहां आप जी के तीन अनन्य सिखों ने भी चांदनी चौक में अपना जीवन बलिदान किया। मौत क़बूली पर औरंगज़ेब के जुल्म के आगे झुके नहीं । श्री गुरु तेग़ बहादुर को शहीद करने से पहले सत्ता के मद में अंधी हो चुकी मुग़लिया सल्तनत ने बेइंतहा लालच एवं यातनाएँ दी गयीं पर गुरु साहिब ने शहादत को चुना और कहा कि हमारी लड़ाई किसी धर्म विशेष से नहीं ,हमारी लड़ाई तो जुल्म के ख़िलाफ़ है और वो रहेगी चाहे कोई भी हो।

## मुनिश्री का शाढ़ौरा प्रवास, जनसमुदाय की पलकें नम हुईं, विहार में अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पिछले जुलाई के महीने से अशोकनगर में चातुर्मास की अवधि व्यतीत कर रहे मुनिश्री सुधासागर जी महाराज पिछले दो दिनों से चल रही अटकलों के बीच शनिवार की दोपहर में अशोकनगर से शाढ़ौरा की ओर प्रस्थान कर गए। जैसे ही उनके प्रवास की जानकारी मिली तब श्रद्धालुओं की भीड़ मुनि श्री को विहार कराने के लिए साथ में जाते हुए देखी गई। श्रद्धालुओं को मुनिश्री का जाना उनकी आंखे नम कर गया। शाढ़ौरा में शनिवार को शाम 5 बजे मुनिश्री की शाढौरा में भव्य अगवानी हुई। जिज्ञासा समाधान का कार्यक्रम शाढ़ौरा में आयोजित किया गया।

परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के बाद आज गंज मन्दिर के मूल नायक भगवान आदिनाथ स्वामी भगवान श्री मुनिसुब्रतनाथ स्वामी भगवान पाश्र्वनाथ स्वामी सहित गंज मन्दिर की सभी नव प्रतिष्ठित विशाल प्रतिमा का





महामस्तिकाभिषेक के साथ जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के बीच परम पूज्य के श्री मुख से हुई जिनका सौभाग्य धर्मेंद्र रोकड़िया सुचित कुमार सचिन कुमार कासल अनिल कुमार सुलभ बंसल नितिन कासल सोनेलाल कक्का जवलपुर राकेश अमरोद सतीश राजपुर राजेश कासल सोनू पांड्या सहित अन्य भक्तों को मिला।

इस दौरान जैनाचार्य मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा जब बारह वर्ष का अकाल पड़ा ये भविष्य वाणी भी हो गई अकाल निश्चित है। इसके बाद भी किसान अपने खेतों हल चलाने जाया करते उनसे पूछा तो वह कहते हैं कि कहीं बारह साल में हम खेती करना न भूल जाये इस लिए अकाल होने पर भी खेत में काम करते रहेंगे। यही भूल श्रावको से हुई अठारह कोड़ा कोड़ी सागर वीत जाने के बाद आहार विधि भूल गए अकल के कारण खेती नहीं हो रही थी। फिर भी किसान खेत में खुरपी चला रहे हैं किसान को देख कर देवताओं ने पूछा तो किसान कहता है कहीं हम खेती की विधि न भूल जाएं। लेकिन भावना थी और लो अभी आज ही महामस्तिकाभिषेक होने जा रहा है ये भावनाओ का कमाल है। इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज पहली बार परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में जगत कल्याण की कामना के साथ नव प्रतिष्ठित भगवान श्री आदिनाथ स्वामी मुनिसुब्रत नाथ स्वामी चिन्ता मणि श्री पाश्र्वनाथ भगवान सहित सभी प्रतिमाओं का महा मस्तिष्काभिषेक किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त पेंशनर महासंघ की प्रादेशिक बैठक हुई आयोजित





**अशोकनगर।** सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की प्रदेश कार्यसमिति बैठक 18 दिसम्बर को भारतीय मजदूर संघ कार्यालय ठेगडी भवन भारत माता चौराहा भोपाल में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनर हितार्थ वार्षिक कार्ययोजना तैयार की गई। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश सरकार को पेंशनरों से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु भारतीय मजदूर संघ के माध्यम से संवाद करने का समय देने हेतु पत्र भेजकर आग्रह किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि म.प्र. छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरेन्द्रसिंह चंदेल, सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ मध्यप्रदेश के संरक्षक बसंत पुरोहित व रमेशचंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित जनों ने सभी नव मनोनीत सदस्यों को बधाई देते हुए उनका स्वागत किया।

### खास बातें

- मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) ए की सहमत की बाध्यता समाप्ति बाबत
- केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को स्वीकृत प्रदान करने बाबत।
- 80 वर्ष की आयु उपरांत 20 : पेंशन वृद्धि में संशोधन कर 65 वर्ष की आयु से पेंशन वृद्धि स्वीकृति करने बाबत।
- पेंशनर की मृत्यु उपरांत ( पचास हजार रुपए) 50000/00 एक्स ग्रेशिया प्रदान करने बाबत
- छठवें वेतन मान का 32 माह का एरियर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार शीघ्र भुगतान बाबत।
- सातवें वेतनमान के 27 माह के एरियर का उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार भुगतान बाबत
- पेंशनर को आयुष्मान योजना का लाभ दिए जाने विषयक।
- अर्जित अवकाश के नगदीकरण न होने का समाधान आदि शामिल हैं।

## ‘पीढ़ियों को जोड़ता सम्मान’ मंत्री वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में विशेष आयोजन

# वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा व सम्मान के लिए सरकार कटीबद्ध : वीरेंद्र कुमार

### मंत्री ने बुजुर्गों व बच्चों के साथ वृद्धजनों के सम्मान में वॉकाथॉन का आयोजन किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में अंतर पीढ़ीगत संबंधों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन ब्यावरा के प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल हॉल में उत्सव के रूप में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बैंड प्रस्तुति से हुई। मंच पर दीप प्रज्वलन के बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत, लघु नाटिका एवं मालवा लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। लघु नाटिका में बच्चों और उनके दादा-दादी व नाना-नानी के आत्मीय संबंधों को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया।

#### मंत्री ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार ने प्रोग्रेसिव हाइट्स के बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर उनकी मेहनत और रचनात्मकता की सराहना की। इस दौरान राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत लगाए गए शिविर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, केवायसी शिविर तथा जिला आयुष विभाग द्वारा किए जा रहे निःशुल्क दवा वितरण का भी निरीक्षण किया गया। मंच से संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार ने कहा कि माता-पिता से आशीर्वाद लेना हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से चला आ रहा है। यही संस्कार हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन स्थानों पर अनुदान (ग्रांट-इन-एड) प्रदान किया जाएगा, जहां वृद्धाश्रम उपलब्ध नहीं हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार द्वारा ने बुजुर्गों एवं बच्चों के साथ वृद्धजनों के सम्मान में वॉकाथॉन का आयोजन भी किया। वॉकाथॉन में महिलाओं एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बनाई गई रंगोली की मंत्री कुमार ने सराहना की।

#### शासकीय कार्यक्रम में नहीं लिखा नगर की प्रथम महिला का नाम

केंद्रीय मंत्री, सांसद और जिले के दो मंत्रियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर की प्रथम महिला नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी कुशवाहा का नाम कार्ड पर नहीं लिखा गया। कार्यक्रम को लेकर बाकायदा आमंत्रण पत्र छपवाए गए थे जिसमें केंद्रीय एवं मध्य प्रदेश शासन के मंत्री, संसद, जिले के सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी के नाम कार्ड में लिखे गए थे किंतु नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुशवाहा का नाम कार्ड में नहीं होने से यह जन चर्चा का विषय बना रहा।



#### मंत्री के इंतजार में 1 घंटे तक खड़ी रहीं शासकीय कन्या स्कूल की छात्राएं

हैरत की बात यह है कि मंत्रीजी के स्वागत के लिए शासकीय कन्या स्कूल की छात्राएं व स्टॉफ स्कूल के बाहर एक घंटे से ज्यादा खड़े रहे। इसके बारे में जब कन्या स्कूल के प्राचार्य नाथूसिंह सिकरवार से पूछा गया तो उन्होने सरकारी कार्यक्रम होने का हवाला दिया और छात्राओं और स्टॉफ का बाहर खडा होना और स्वागत करना उचित बताया। प्रश्न यह है किसने ड्यूटी छोड़कर स्वागत करने व छात्राओं को खडा करने का आदेश दिया था इस पर प्राचार्य चुप्पी साध गए।

## दुग्ध समृद्धि को लेकर पशु पालकों से विस्तार से की चर्चा

# कलेक्टर ने तबेले में बैठ पशु पालकों के साथ किया सीधा संवाद



**राजगढ़।** जिले में पशुपालन एवं पशुपालकों की समृद्धि हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने गत दिवस खजुरिया गांव पहुंचकर स्वयं पशुओं के तबेले में बैठकर पशुपालकों से सीधा संवाद किया। जिले के मुखिया को अपने बीच पाकर पशुपालक काफी उत्साहित नजर आए और उन्होंने खुलकर अपनी बातें एवं समस्याएं उनके सम्मुख रखीं।

इस दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कृत्रिम गर्भाधान, डी-वर्मिंग, दुग्ध उत्पादन की स्थिति, दुधारू पशुओं को दिए जाने वाले आहार, दूध की बिक्री, औसत फैट प्रतिशत तथा सेक्स सॉर्टेड सीमेन के सफलता प्रतिशत की जानकारी ली। उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पाशुपालकों को प्रोत्साहित किया और पशुपालन को लाभकारी बनाने पर जोर दिया। पाशुपालकों द्वारा नकली दूध की शिकायत किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आश्वासन दिया कि नकली दूध बनाने और बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने डीडी वेटरनरी को पशुपालकों को समय पर तकनीकी सहयोग, उपचार और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

#### समृद्धि अभियान को लेकर चर्चा की

जिले में चल रहे दुग्ध समृद्धि अभियान-2 के बारे में उपस्थित पशुपालकों से चर्चा की गयी। पशुपालक मुकेश दांगी पिता के समक्ष सर्वेयर नरेन्द्र चैहान पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा अभियान के बारे पशुपालकों को बताया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम खजूरिया में उपस्थित पशुपालकों से पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के बारे में चर्चा की एवं संबंधित सर्वेयर के कार्यों का सत्यापन किया गया। इस अवसर पर डीडी वेटनरी परवीन दीक्षित सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध मदिरा के निर्माण व विक्रय पर कार्रवाई की

**जीरापुर।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को जीरापुर वृत्त प्रभारी अंकित चैहान के द्वारा सामुहिक क्षेत्र गश्त कि गई गश्त दौरान खिलचीपुर क्षेत्र के सोमवारिया, बरूखेडी, ग्राम अगरिया, देवलिया खेड़ी, बाडगाव, गोपालपुरा, शिवगढ़,सेमली, पीपलयाकुलमी,गादिया, माचलपुर में संदिग्ध 11 स्थल पर दबिश देकर 85 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 1.8 बल्क लीटर राजस्थानी देशी मदिरा जप्त कि गई।जिसका अनुमानित मूल्य 17600 रूपये है। जिसे विधिवत कार्यवाही कर जप्त किया । आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के 07 आपराधिक प्रकरण दर्ज किया। इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत एवं आबकारी आरक्षक मोहन सिंह यादव, आरक्षक दिव्यांशी गौर, राशिका साहू , गौतम लोधी का विशेष योगदान रहा।

## शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार की जा रही मांग का असर

# जिले के 619 प्राथमिक शिक्षकों के प्रथम क्रमोन्नति आदेश जारी

**राजगढ़।** विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा समय-समय पर की जा रही मांग के बाद जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी होना शुरू हो चुके हैं। डीईओ कार्यालय ने गत दिवस विभागीय पदोन्नति/क्रमोन्नति समिति योग्य पाए गए 619 प्राथमिक शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से 12 वर्ष की निरंतर सेवा अवधि पूर्ण करने के उपरान्त यह आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के तहत उक्त सभी 619 शिक्षक जिले के विभिन्न विकासखंडों की प्राथमिक शालाओं में पदस्थ हैं। शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार की जा रही मांग के बाद क्रमोन्नति आदेश जारी हुए हैं।

#### माध्यमिक शिक्षकों की प्रक्रिया अधर में

शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी करना भलेही शुरू कर दिए हों लेकिन 12 एवं 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके किसी भी माध्यमिक शिक्षक की क्रमोन्नति जिले में अभी तक नहीं हो पाई है। दरअसल, उक्त संबंध में गठित समिति द्वारा माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति प्रस्ताव संयुक्त संचालक कार्यालय को भिजवाए जाते हैं। वहां से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही संबंधित माध्यमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति के आदेश जारी होते हैं। लेकिन, माध्यमिक शिक्षकों की यह प्रक्रिया अभी तक अटकी हुई है। बहरहाल, जिन प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश विभाग ने जारी कर दिए हैं, उनमें हर्ष की लहर देखी जा रही है। शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने मांग की है कि माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति पर भी जल्द से जल्द अनुकूल कार्यवाही की जाए।

# लाइनमैन की लापरवाही से सिंचाई बिजली सप्लाई बंद

### ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अनुविभाग अंतर्गत ग्राम लाखाखेड़ी में सिंचाई विद्युत आपूर्ति पिछले पांच दिनों से बंद रहने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। इस संबंध में शनिवार को भारतीय किसान संघ ग्राम इकाई लाखाखेड़ी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे (एसडीएम) सारंगपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर संबंधित लाइनमैन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम लाखाखेड़ी में पदस्थ लाइनमैन की लापरवाही के कारण किसानों को समय पर सिंचाई हेतु विद्युत सप्लाई नहीं मिल रही है।

ग्रामीणों द्वारा कई बार ग्रिड कर्मचारी व जेई से संपर्क किया गया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बताया गया कि वर्तमान में लाइनमैन द्वारा सहायक असिस्टेंट के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है, जिससे विद्युत सप्लाई की जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई जा रही। ग्रामीणों ने कहा कि सिंचाई बिजली बंद रहने से फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है और किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में उक्त मामले की गंभीरता से



जांच कर दोषी लाइनमैन को तत्काल प्रभाव से हटाने एवं नियमित रूप से सिंचाई विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने एसडीएम से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि किसानों को राहत मिल सके और कृषि कार्य प्रभावित न हो। ज्ञापन देने वालों में दुर्गाप्रसाद, नारायण पंवार, भगवत सिंह, एलम सिंह, घनश्याम, जितेंद्र सहित अन्य किसान मौजूद थे।

# बेदखली की कार्रवाई के बाद भी अतिक्रमण बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



नगर के स्टेट हाईवे की बेशकीमती शासकीय जमीन पर सत्यनारायण रामगोपाल मोदी द्वारा रहवासी कॉलोनी में निर्मित दुकानों के सामने अतिक्रमण करने का कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जिस पर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने अर्थ दंड की कार्यवाही के बेदखली की कार्रवाई की गई थी। उसके बाद भी अतिक्रमणकारी रामगोपाल सत्यनारायण ने पूर्ण रूप से अपना अतिक्रमण नही हटाया है। अतिक्रमणधारी इस बेशकीमती शासकीय जमीन से अपना अतिक्रमण नही हटाना चाहता है। अतिक्रमण ना हटाने का कारण कालोनी में बनी दुकानों के मुख्य मार्ग से जुड़ने का है जिससे दुकानों की कीमत कई गुना बढ़ जाएगी। जिम्मेदार अधिकारी का इस और ध्यान ना देना अनेक तरह की शंका कुशंका को जन्मदेता है। अधिकारियों को इस और ठीक से ध्यान देकर अपनी बेशकीमती जमीन को बचाने का सार्थक प्रयास करना चाहिए। नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ को कॉल करने पर उनके द्वारा रिसीव नहीं किया गया।

***इनका कहना है...***

*मैं अभी बोलती हूं तहसीलदार को।*
*अंकिता जैन, अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर*

# नवनियुक्त जिला महामंत्री का प्रथम आगमन पर किया स्वागत



**खिलचीपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला महामंत्री देवीसिंह सोधिया, जिला कार्यालय मंत्री श्याम मंडलोई का शुक्रवार को खिलचीपुर आगमन पर भाजपा मंडल खिलचीपुर के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी के नेतृत्व में स्वागत किया । तहसील चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और ढोल के साथ जिला महामंत्री की आगवानी की इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ने साफा बांधकर एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिला महामंत्री को गोदी में उठा लिया और जोश के साथ भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए वहीं इमली स्टैंड पर राधेश्याम दांगी द्वारा स्वागत किया गया। भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता के निवास पर भी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का साफा बाधकर पुष्पहारों से स्वागत किया।

# भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में विकास किया : अग्रवाल



**कुरावर।** समीप ग्राम माना में नवीन सामुदायिक भवन में शनिवार को 1 बजे प्रदेश में भाजपा सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें सर्वप्रथम पिछले दिनों लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह के एसआईआर पर संवाद को सुना गया। उसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने मौजूद भाजपा नेता कार्यकर्ता व पदाधिकारी को एसआईआर के संबंध में निर्देश दिए। वहीं उन्होंने पिछले दो सालों में हुए सरकार के विकास कार्यों के बारे में कहा कि भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में इन दो सालों में विकास किया है। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें, विद्यालय एवं मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण क्षेत्र वंचित थे वर्ष 2003 के बाद से भाजपा सरकार आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंट कंक्रीट मार्ग नालियां का निर्माण व विद्यालय खोले गए तो वहीं अब प्रदेश में भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन सामुदायिक भवनों का निर्माण कर ग्रामीण क्षेत्र के मांगलिक व अन्य आयोजनों के लिए सुविधाएं प्रदान की है। मुक्तिधाम का निर्माण भी करवाया जा रहा है। 2003 से लेकर अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सड़कों का निर्माण हुआ है आवागमन सुगम बना है।

## अभा परिचय सम्मेलन के लिए देशभर से 1150 युवक-युवतियों का पंजीयन

# मेड़तवाल समाज का ‘जीवन साथी परिचय सम्मेलन’ 27-28 दिसंबर को इंदौर में, तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

अखिल भारतीय मेड़तवाल (वैश्य) समाज का विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 27 व 28 दिसंबर को इंदौर में आयोजित होगा। श्री मेडतवाल वैश्य समाज, इंदौर के अध्यक्ष शक्तिनाथ गुप्ता व महामंत्री लक्ष्मीनारायण मेड़तवाल ने बताया कि श्री मेड़तवाल सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में छोटा बांगड़दा रोड, एयरपोर्ट के पास बाबाश्री गार्डन में स्व. इंद्रदेव आर्य परिसर में बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय विराट परिचय सम्मेलन का शुभारंभ 27 दिसंबर को प्रातः 8 बजकर 30 बजे किया जाएगा।

आयोजन समिति के संयोजक गोपाल भगत ने बताया कि परिचय सम्मेलन में आने वाले प्रतिभागियों के लिये आवास, मंच, भोजन, यातायात, सुरक्षा, स्मारिका एवं पूछताछ समिति आदि की अंतिम तैयारियों की समीक्षा की गई। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को समाज के मांगलिक भवन एवं बाबाश्री गार्डन में ठहराने की व्यवस्था भी की गई है।



मेड़तवाल सोशल ग्रुप के महामंत्री एडवोकेट जगदीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के गांव, कस्बों व शहरों में व्यवसाय करने वाले समाज के परिवारों के अतिरिक्त मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, सूरत, बैंगलूरू, पुणे, गुरूग्राम, जयपुर, भोपाल, कोटा व इंदौर आदि शहरों में स्टार्टअप बिजनेस, उच्च शिक्षा या जॉब करने वाले सैकड़ों विवाह योग्य युवक-युवतियां अपने अभिभावकों के साथ भाग लेंगे। विदेशों में जॉब कर रहे समाज के युवक-युवती भी इस सम्मेलन में पहुंच रहे हैं। परिचय स्मारिका के संयोजक आर.एस.गुप्ता ने बताया कि परिचय सम्मेलन में अब तक 1150 युवक-युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। इस आयोजन में एक विशेष मेल-मिलाप समिति बनाई गई है जिसके सदस्य दोनों पक्षों के बीच परस्पर संवाद करवाने में मदद करेंगे। 22 दिसंबर से ‘जीवन साथी परिचय स्मारिका’ वितरित कर दी जायेगी, जिससे बायोडेटा देखकर प्रतिभागी उम्र, शिक्षा, गौत्र, व्यवसाय, जॉब, वार्षिक आय आदि का आंकलन कर उपयुक्त जीवन साथी चुन सकेंगे।

#### समाज में ही रिश्ता करने को प्राथमिकता

मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज प्रन्यास, खैराबाद के निर्वाचित अध्यक्ष सेठ मोहनदास करोडिया, राष्ट्रीय महामंत्री पुरूषोत्तम घाटिया एवं समिति के राष्ट्रीय महामंत्री विष्णु प्रसाद करोडिया मंडावर ने बताया कि जीवन साथी परिचय सम्मेलन, इंदौर से समाज में गांव, कस्बों व शहरों में अच्छा व्यवसाय करने वाले परिवारों एवं जॉब करने वाले युवक-युवतियों को एक बड़ा मंच मिलेगा, जहां वे अपना परिचय देकर मनपसंद जीवन साथी का चयन कर सकेंगे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के रिश्ते समाज में ही करने की अपील की है। समाज के प्रन्यास के निर्वाचित ट्रस्टी श्यामसुंदर सिंगी, विष्णुप्रसाद करोड़यि चाय वाले एवं हरिनारायण मुंजे ने कहा कि लंबे समय बाद इंदौर में आयोजित विराट दो दिवसीय परिचय सम्मेलन को लेकर समाज के अविवाहित युवाओं में जबर्दस्त उत्साह है। समाज के युवा बिजनेस में तेजी से आगे बढ रहे हैं। कई परिवारों के बच्चे उच्च शिक्षा लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईटी, लॉ, सीए, प्रशासनिक व सरकारी सेवाओं में उच्च पदों पर जॉब करते हुये समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। अ.भा.नवयुवक संघ के अध्यक्ष सागर गोलू भंडारी एवं श्री फलौदी महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता गुप्ता ने सभी विवाह योग्य युवक-युवतियों से अपील की कि वे इंदौर परिचय सम्मेलन में पहुंचकर समाज में ही जीवन साथी चुनने को प्राथमिकता दें।